श्याम से लौ लगाकर देख,
ये तेरे साथ चल देगा,
श्याम से लौ लगाके देख,
ये तेरे साथ चल देगा,
तेरी आँखों का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।।

जिसे ठुकराए जग वाले,
उसे मेरा श्याम अपनाता,
जिसे ठुकराए जग वाले,
उसे मेरा श्याम अपनाता,
बना मायत इसे अपना,
तुझे बाहों में भर लेगा,
तेरी आँखों का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।।

जो जाते खाटू उनसे पूछ,
वो जाने महिमा बाबा की,
जो जाते खाटू उनसे पूछ,
वो जाने महिमा बाबा की,
फिराकर मोरछड़ी पल में,
सितारें रोशन कर देगा,
तेरी आँखों का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।।

ये जग रूठे तो रूठ जाए,
श्याम ना रूठना हमसे,
ये जग रूठे तो रूठ जाए,
श्याम ना रूठना हमसे,
राज ये जीवन अब सारा,
श्याम चरणों में गुजरेगा,
तेरी आँखों का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।।

श्याम से लौ लगाकर देख,
ये तेरे साथ चल देगा,
श्याम से लौ लगाके देख,
ये तेरे साथ चल देगा,
तेरी आँखों का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।।

स्वर राज पारीक जी।

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-se-lau-laga-ke-dekh-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw